कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : **26.07.2022**

// रिपोर्ट //

गर्ल्स कॉलेज में
लाईब्रेरी ऑटोमेशन पर कार्यशाला

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के तत्वाधान में लाईब्रेरी आटोमेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की ग्रंथपाल डॉ. रीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को Soul Software के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, देवरी भाटापारा की ग्रंथपाल कु. शशि ब्रजपुरिया ने प्रशिक्षण दिया।

उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय भाटापारा से शैक्षणिक अनुबंध किया है। इस कार्यशाला में सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय एवं कल्याण महाविद्यालय की छात्राओं ने भी सहभागिता की।

महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री गणेश राम नायक, डॉ. सुशमा यादव, डॉ.एम.एल. प्रसुन्ना, डॉ. भावना वर्मा तथा बी.लिब एवं एम.लिब. की छात्राओं ने भाग लिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कार्यशाला में संबोधित करते हुए ग्रंथालय के आधुनिकीकरण के महत्व एवं उपयोगिता को बताते हुए प्रतिभागियों को बधाई दी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)